IX भुगतान और निपटान प्रणाली और सूचना प्रौद्योगिकी

भुगतान ईकोसिस्टम में तेजी से उन्नत होती प्रौद्योगिकी और नए विकास और नवाचारों के आगमन के साथ रिज़र्व बैंक ने भुगतान प्रणालियों की सुरक्षा और प्रतिरक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित किया। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक ने दक्षता, नवीनता, प्रतियोगिता, ग्राहक संरक्षण और वित्तीय समावेशन के पोषण करने के अपने प्रयासों को जारी रखा। बहुत ही कम समय में आरटीजीएस के चौबीसों घंटे कार्यान्वयन करवाना इस यात्रा में मील का पत्थर साबित हुआ। आगे बढ़ते हुए, रिज़र्व बैंक का प्रयास होगा कि परिचालन उत्कृष्टता के लिए डिज़ाइन किए गए स्थायी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) बुनियादी ढांचे के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर वित्तीय क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दिया जाए जो लचीलेपन, विश्वसनीयता, सुरक्षा, अखंडता और लागत दक्षता पर ध्यान केंद्रित करेगा।

IX.1 वर्ष के दौरान, भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग (डीपीएसएस) ने रिज़र्व बैंक के भुगतान और निपटान प्रणाली विज़न 2019-2021 दस्तावेज़ द्वारा निर्देशित भुगतान प्रणालियों के नियोजित विकास की दिशा में काम करना जारी रखा। रिज़र्व बैंक का प्राथमिक ध्यान था (i) डिजिटल व्याप्तता की सुविधा ; (ii) नवीन भुगतान विकल्प प्रस्तुत करना; (iii) कोविड-19 महामारी के कारण होने वाले अवरोधों के बावजूद सुचारू संचालन सुनिश्चित करना; और (iv) डिजिटल भुगतान पर उपभोक्ता जागरूकता अभियान आयोजित करना जो "कम-कैश" समाज के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए बिल्डिंग ब्लॉक हैं। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी) ने कोविड -19 महामारी के कारण अभूतपूर्व चुनौतियों के लिए अपनी त्वरित प्रतिक्रिया में और तेजी से बदलते प्रौद्योगिकी परिदृश्य के साथ तालमेल रखने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया। रिज़र्व बैंक ने अपने आईसीटी अवसंरचना को अगली पीढ़ी के एप्लीकेशनों के लिए संचालित करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखा, जिसमें परिचालनगत उत्कृष्टता, लचीलापन, स्केलेबिलिटी और सुरक्षा के लिए एक इनबिल्ट आर्किटेक्चर है।

IX.2 इस पृष्ठभूमि के परिप्रेक्ष्य में निम्न खंड वर्ष के दौरान भुगतान और निपटान प्रणालियों के क्षेत्र में विकास को कवर करता है और 2020-21 के एजेंडा के कार्यान्वयन की स्थिति का भी जायजा लेता है। खंड 3 में वर्ष 2020-21 के लिए निर्धारित एजेंडा की तुलना में वर्ष के दौरान डीआईटी द्वारा किए गए विभिन्न उपाय प्रस्तुत करता है। इन विभागों ने भी 2021-22 के लिए एक एजेंडा निर्धारित किया है। अध्याय को अंत में संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है।

2. भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग (डीपीएसएस)

IX.3 रिज़र्व बैंक के भुगतान और निपटान प्रणाली विजन 2019-2021 दस्तावेज़ द्वारा निर्देशित, सुरक्षा, प्रतिरक्षा, दक्षता, नवाचार, प्रतिस्पर्धा, ग्राहक संरक्षण और वित्तीय समावेशन पर सतत जोर देने के साथ भुगतान के ईकोसिस्टम में विभाग द्वारा वर्ष के दौरान विभिन्न पहल की गई थीं। मुख्य ध्यान इस बात पर दिया जा रहा था कि पूरे देश में भुगतान स्वीकृति के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के माध्यम से भुगतान प्रणालियों की व्याप्ति को बढ़या जाए और नवीन भुगतान विकल्पों को पेश करके भुगतान प्रणाली की पहुँच को और भी अधिक बढ़ाया जाए। देश के विभिन्न स्थानों में अलग-अलग तीव्रता और अवधि के साथ कोविड -19 लॉकडाउन के कारण संसाधनों की आवाजाही और बुनियादी ढांचे तक पहुंच में अवरोध के बावजूद सभी भुगतान प्रणालियों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने की दिशा में भी प्रयास किए गए। कुछ भुगतानों को डिजिटल भुगतान करते समय महामारी की सामाजिक दूरी और न्यूनतम-संपर्क आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उनके अनुकूल बनाया गया था। रिज़र्व बैंक ने डिजिटल भुगतानों के बारे में उपभोक्ता जागरूकता में सुधार लाने के लिए केंद्रित अभियान चलाया और यह सुनिश्चित करने

के लिए उपाय किए कि उपभोक्ता शिकायतों को समयबद्ध तरीके से संबोधित किया जाए। कोविड-19 के कारण लगाए गए लॉकडाउन में धीरे-धीरे छूट के साथ डिजिटल भुगतान में तेजी से वृद्धि के साथ वर्ष के दौरान "कम नकदी" की यात्रा जारी रही।

भुगतान प्रणाली

IX.4 भुगतान प्रणाली ने 2020-21 के दौरान वॉल्यूम के संदर्भ में 26.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की जो पिछले वर्ष में 44.2 प्रतिशत के विस्तार के शीर्ष पर थी। मूल्य के संदर्भ में, संकुचन की प्रवृत्ति जो पिछले वर्ष (-1.2 प्रतिशत) में शुरू हुई थी, और बढ़कर इसमें 13.4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण था बड़े मूल्य वाली भुगतान प्रणाली में कम वृद्धि, उदाहरणार्थ रियल टाइम ग्रोस सेटलमेंट (आरटीजीएस) प्रणाली और कागज आधारित लिखतों के लेनदेन में कमी। आरटीजीएस में लेन-देन के मूल्य की गिरावट का कारण मुख्य रूप से कम हुई आर्थिक गतिविधियां हैं। वर्ष 2020-21 के दौरान गैर-नकद खुदरा भुगतानों की कुल मात्रा में डिजिटल लेन-देन की हिस्सेदारी बढ़कर 98.5 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष में 97.0 प्रतिशत थी (तालिका IX.1)।

तालिका IX.1: भुगतान प्रणाली संकेतक - वार्षिक टर्नओवर (अप्रैल-मार्च)

मद	मात्रा (लाख)			मूल्य (₹ करोड़)		
	2018-19	2019-20	2020-21	2018-19	2019-20	2020-21
1	2	3	4	5	6	7
क. सेटलमेंट सिस्टम						
सीसीआईएल संचालित प्रणालियां	36	36	28	11,65,51,038	13,41,50,192	16,19,43,141
ख. भुगतान प्रणाली						
1. बड़े मूल्य के क्रेडिट ट्रांसफर - आरटीजीएस खुदरा खंड	**1,366**	**1,507**	**1,592**	**13,56,88,187**	**13,11,56,475**	**10,55,99,849**
2. क्रेडिट ट्रांसफर	**1,18,481**	**2,06,506**	**3,17,852**	**2,60,90,471**	**2,85,62,857**	**3,35,22,150**
2.1 एईपीएस (फंड ट्रांसफर)	11	10	11	501	469	623
2.2 एपीबीएस	14,949	16,766	14,373	86,226	99,179	1,12,747
2.3 ईसीएस सीआर	54	18	0	13,235	5,145	0
2.4 आईएमपीएस	17,529	25,792	32,783	15,90,257	23,37,541	29,41,500
2.5 एनएसीएच सीआर	8,834	11,290	16,450	7,29,673	10,43,212	12,32,714
2.6 एनईएफ़टी	23,189	27,445	30,928	2,27,93,608	2,29,45,580	2,51,30,910
2.7 यूपीआई	53,915	1,25,186	2,23,307	8,76,971	21,31,730	41,03,658
3. डेबिट ट्रांसफर और डायरेक्ट डेबिट	**4,914**	**7,525**	**10,456**	**5,24,556**	**7,19,708**	**8,72,552**
3.1 भीम आधार पे	68	91	161	815	1,303	2,580
3.2 ईसीएस डीआर	9	1	0	1,260	39	0
3.3 एनएसीएच डीआर	4,830	7,340	9,630	5,22,461	7,18,166	8,68,906
3.4 एनईटीसी (बैंक खाते से लिंक)	6	93	650	20	200	913
4. कार्ड भुगतान	**61,769**	**72,384**	**57,841**	**11,96,888**	**14,34,814**	**12,93,822**
4.1 क्रेडिट कार्ड	17,626	21,773	17,641	6,03,413	7,30,895	6,30,414
4.2 डेबिट कार्ड	44,143	50,611	40,200	5,93,475	7,03,920	6,62,667
5. प्रीपेड भुगतान लिखत	**46,072**	**53,318**	**49,392**	**2,13,323**	**2,15,558**	**1,97,695**
6. कागज आधारित लिखत	**11,238**	**10,414**	**6,704**	**82,46,065**	**78,24,822**	**56,27,189**
कुल - खुदरा भुगतान (2 + 3 + 4 + 5 + 6)	2,42,473	3,50,147	4,42,229	3,62,71,303	3,87,57,759	4,15,12,514
कुल भुगतान (1 + 2 + 3 + 4 + 5 + 6)	2,43,839	3,51,654	4,43,821	17,19,59,490	16,99,14,234	1471,12,363
कुल डिजिटल भुगतान (1 + 2 + 3 + 4 + 5)	**2,32,602**	**3,41,240**	**4,37,118**	**16,37,13,425**	**16,20,89,413**	**14,14,85,173**

नोट : 1. आरटीजीएस प्रणाली में केवल ग्राहक और अंतर-बैंक लेनदेन शामिल हैं।
2. क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) के माध्यम से सीबीएलओ, सरकारी प्रतिभूतियों और विदेशी मुद्रा लेनदेन के निपटान होते हैं। सरकारी प्रतिभूतियों में एकमुश्त व्यापार और रेपो लेनदेन की दोनों लेग्स और त्रिपक्षीय रेपो लेनदेन शामिल हैं। 5 नवंबर 2018 से, सीसीआईएल ने सीबीएलओ को बंद कर दिया और प्रतिभूति खंड के तहत त्रिपक्षीय रेपो का संचालन आरंभ कर दिया है।
3. कार्ड के लिए आंकड़े बिक्री के बिंदु पर भुगतान लेनदेन (पीओएस) टर्मिनलों और ऑनलाइन के लिए हैं।
4. संख्याओं को पूर्ण अंक बनाने के कारण कॉलम में दिये गए आंकड़े कुल संख्या से मेल नहीं खाएगी।

स्रोत: आरबीआई

चार्ट IX .1 : डिजिटल भुगतान में वर्षानुवर्ष वृद्धि



स्रोत : आरबीआई

IX.5 कोविड-19 महामारी के कारण देशव्यापी तालाबंदी के परिणामस्वरूप इसके प्रारंभिक चरण के दौरान भुगतान में गिरावट आई। हालांकि, भुगतान का मूल्य और मात्रा बाद में लॉकडाउन में क्रमिक छूट के साथ बढ़ गया (चार्ट IX.1)।

डिजिटल भुगतान

IX.6 भुगतान के इलेक्ट्रॉनिक तरीकों के बीच, वर्ष के दौरान आरटीजीएस का उपयोग करते हुए लेनदेन की संख्या में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसका मूल्य ₹ 1,056 लाख करोड़ है, जिसके परिणामस्वरूप मूल्य में पिछले वर्ष से 19.5 प्रतिशत की गिरावट आई है जो कि मुख्य रूप से आर्थिक गतिविधि में मंदी के साथ कॉर्पोरेट्स के बड़े मूल्य के लेन-देन में कमी थी। मार्च 2021 के अंत में, 227 बैंकों की 1,75,947 शाखाओं के माध्यम से आरटीजीएस सुविधा उपलब्ध थी। वर्ष के दौरान राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) प्रणाली के माध्यम से लेनदेन 12.7 प्रतिशत बढ़ा। मार्च 2021 के अंत में, एनईएफटी सुविधा 225 बैंकों की 1,75,283 शाखाओं के माध्यम से उपलब्ध थी।

IX.7 2020-21 के दौरान, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड के माध्यम से किए गए कार्ड भुगतान लेनदेन की संख्या क्रमशः 19.0 प्रतिशत और 20.6 प्रतिशत घट गई। इसके परिणामस्वरूप इसी अवधि के दौरान क्रेडिट कार्ड लेनदेन के मूल्य में 13.7 प्रतिशत और डेबिट कार्ड के लेनदेन में 5.9 प्रतिशत की कमी आई। प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (पीपीआई) में एक साल पहले 15.7 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले वर्ष के दौरान मात्रा में 7.4 प्रतिशत संकुचन दर्ज किया गया था, जबकि 1.97 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन मूल्य पिछले साल 8.3 प्रतिशत कम था। मार्च 2021 के अंत तक पॉइंट्स ऑफ़ सेल (पीओएस) टर्मिनलों की संख्या 6.5 प्रतिशत बढ़कर 47.20 लाख और भारत क्विक रिस्पांस (बीक्यूआर) कोड की संख्या 76.0 प्रतिशत बढ़कर 35.70 लाख हो गई। इसके अलावा एटीएम की संख्या मार्च 2020 के अंत में 2.34 लाख से 2.0 प्रतिशत बढ़कर मार्च 2021 के अंत में में 2.38 लाख हो गई।

भुगतान प्रणालियों का प्राधिकरण

IX.8 पेमेंट्स सिस्टम ऑपरेटर्स (पीएसओ) में क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया (एनपीसीआई) के अलावा पीपीआई जारीकर्ता, क्रॉस-बॉर्डर मनी ट्रांसफर सर्विस स्कीम ऑपरेटर, व्हाइट लेबल एटीएम (डबल्यूएलए) ऑपरेटर, ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (ट्रेड्स) प्लेटफॉर्म ऑपरेटर, एटीएम नेटवर्क, इंस्टेंट ट्रांसफर सर्विस प्रोवाइडर, कार्ड भुगतान नेटवर्क और भारत बिल भुगतान परिचालन इकाइयाँ (बीबीपीओयू) शामिल हैं [टेबल IX.2]।

तालिका IX.2 : भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों का प्राधिकरण (मार्च के अंत में)

(संख्या)

संस्थाएं	2020	2021
1	2	3
क. गैर-बैंक - प्राधिकृत		
पीपीआई जारीकर्ता	43	36
डबल्यूएलए ऑपरेटर्स	8	4
त्वरित धन अंतरण सेवा प्रदाता	1	1
बीबीपीओयू	9	8
ट्रेड्स प्लेटफॉर्म ऑपरेटर्स	3	3
क्रॉस-बॉर्डर मनी ट्रांसफर सर्विस स्कीम ऑपरेटर्स	9	9
कार्ड नेटवर्क	5	5
एटीएम नेटवर्क	2	2
ख. बैंक - स्वीकृत		
पीपीआई जारीकर्ता	62	56
बीबीपीओयू	39	42
मोबाइल बैंकिंग प्रदाता	540	566
एटीएम नेटवर्क	3	3

नोट : तीन गैर-बाए पीपीआई जारीकर्ताओं के संबंध में प्राधिकरण के प्रमाणपत्र (सीओए) की वैधता अवधि नहीं बढ़ाई गई थी। एक पीपीआई जारीकर्ता ने स्वेच्छा से आत्मसमर्पण कर दिया है जबकि तीन गैर-पीपीआई जारीकर्ता स्वेच्छा से अपने सीओए के समर्पण की प्रक्रिया के अंतर्गत हैं। दो डब्लूएलएओ के सीओए को निरस्त कर दिया गया, एक डब्लूएलएओ बंद कर दिया गया और एक डब्लूएलएओ एक बीबीपीओयू के साथ स्वेच्छा से सीओए के समर्पण की प्रक्रिया के अंतर्गत है। सार्वजनिक क्षेत्र के छह बैंकों के समामेलन के परिणामस्वरूप, बैंक पीपीआई की संख्या कम हो गई है।

स्रोत : आरबीआई

2020-21 के लिए एजेंडा : कार्यान्वयन की स्थिति

2020-21 के लिए निर्धारित लक्ष्य

IX.9 विभाग ने पिछले वर्ष निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए थे:

- ***स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना***

  - *ऑफलाइन भुगतान प्रणाली* : मोबाइल उपकरणों के माध्यम से ऑफ़लाइन भुगतान और डिजिटल भुगतान मोड को बढ़ावा देने के लिए कार्ड पर संग्रहीत भुगतान घटक उपलब्ध कराए जाएंगे, और योजना के पूर्ण रोल-आउट के लिए अनुभव प्राप्त करने के लिए एक पायलट योजना का परीक्षण किया जाएगा (पैरा IX.11)।

- ***ग्राहक सुविधा में सुधार***

  - *ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर): विभिन्न भुगतान प्रणालियों में ओडीआर प्रणाली को लागू करने के लिए एक चरणबद्ध दृष्टिकोण प्रस्तावित किया जाना है, जो सभी प्राधिकृत भुगतान प्रणालियों (उत्कर्ष) के लिए असफल लेनदेन के लिए कार्यान्वयन से शुरू होता है [पैरा IX.16];*

  - *स्व-नियामक संगठन: भारतीय रिज़र्व बैंक के 6 फरवरी 2020 के विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य में घोषित किए गए अनुसार विनियामक / पर्यवेक्षक के साथ संलग्न करने और पीएसओ के लिए नियमों को बनाने और लागू करने के लिए उत्तरदायी के रूप में एक स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) के सृजन के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार करना जो कि औपचारिक हो जाएगा (पैरा IX.17); तथा*

  - *पैन-इंडिया चेक ट्रंकेशन सिस्टम: सभी एक्सप्रेस चेक क्लियरिंग सिस्टम (ईसीसीएस) केंद्रों को बैंकों द्वारा चेक संग्रह सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) ग्रिड के साथ विलय कर दिया जाएगा (पैरा IX.18)।*

- ***वहन करने योग्य कीमत सुनिश्चित करना***

  - *लीगल एंटिटी आइडेंटिफ़ायर (एलईआई)* : सीमा पार सेवाओं के संबंध में भुगतान प्रणाली के प्रतिभागियों, एजेंटों और वितरकों की पहचान करने के लिए एलईआई का उपयोग , विशेष रूप से बड़े मूल्य भुगतानों के लिए, जिसमें सभी पहचाने गए क्षेत्रों में कार्यान्वयन का विस्तार करना शामिल है (पैरा IX. 23)।

- ***बढ़ता हुआ आत्मविश्वास***
  - o *डिजिटल पेमेंट्स इंडेक्स* : रिज़र्व बैंक ने 6 फरवरी, 2020 के विकासात्मक और नियामक नीतियों पर अपने वक्तव्य में घोषणा की कि रिज़र्व बैंक समय-समय पर एक समग्र "डिजिटल पेमेंट्स इंडेक्स (डीपीआई)" [पैरा IX.25] का प्रकाशन और सृजन करेगा।

लक्ष्य की कार्यान्वयन स्थिति

IX.10 : में 'भारत में भुगतान और निपटान प्रणाली : विजन 2019-21' में भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग (डीपीएसएस) ने अपने विज़न को प्राप्त करने के लिए चार लक्ष्यों की पहचान की थी *उदाहरणार्थ* प्रतियोगिता, लागत, सुविधा और विश्वास।

स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना

ऑफलाइन भुगतान प्रणाली

IX.11 रिज़र्व बैंक ने प्राधिकृत पीएसओ - बैंकों और गैर-बैंकों - को अनुमति प्रदान की ऑफलाइन या डिजिटल लेनदेन को सक्षम करने वाले तकनीकी नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए दूरस्थ या निकटता भुगतान के लिए कार्ड, वालेट या मोबाइल उपकरणों का उपयोग करके ऑफ़लाइन भुगतान सल्यूशन्स के लिए एक पायलट योजना संचालित करने की अनुमति दी। ऑफ़लाइन भुगतान करने के लिए ऐसे विकल्पों की उपलब्धता से डिजिटल भुगतान के उपयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में, या अनियमित, इंटरनेट कनेक्टिविटी की अनुपस्थिति से बाधित हैं। पायलट योजना के पूरा होने के बाद, रिज़र्व बैंक प्राप्त अनुभव के आधार पर ऑफ़लाइन भुगतान प्रणाली लागू करने का निर्णय करेगा।

खुदरा भुगतान के लिए एक अखिल भारतीय अम्ब्रेला संस्था के प्राधिकरण के लिए लिए फ्रेमवर्क

IX.12 रिज़र्व बैंक ने खुदरा भुगतान के लिए अखिल भारतीय अम्ब्रेला संस्था स्थापित करने में रुचि रखने वाली संस्थाओं के लिए पात्रता मानदंड, दायरे और शासन संरचना को निर्धारित करते हुए एक रूपरेखा जारी की। प्राधिकरण के लिए आवेदनों को 26 फ़रवरी 2021 तक प्रस्तुत किए जाने की अपेक्षा थी जिसे एक माह के लिए बढ़ाकर 31 मार्च 2021 तक कर दिया गया था।

सप्ताह के सभी दिनों में भुगतान प्रणालियों के निपटान फ़ाइलों की पोस्टिंग को सक्षम करना

IX.13 24x7 आधार पर आरटीजीएस के संचालन के साथ, रिज़र्व बैंक ने एनपीसीआई को 3 जनवरी 2021 से सप्ताह के अंत के साथ-साथ छुट्टियों में निपटान के लिए उनके द्वारा संचालित भुगतान प्रणालियों की अतिरिक्त निपटान फाइलें पोस्ट करने की अनुमति दी। इस उपाय के फलस्वरूप निपटान हेतु लंबित कार्य और सहायक भुगतान प्रणालियों में डिफ़ॉल्ट जोखिमों को कम करने में मदद मिली और इसने सदस्य बैंकों द्वारा धन के बेहतर प्रबंधन को सक्षम किया, जिससे कारण भुगतान ईकोसिस्टम की समग्र दक्षता में वृद्धि हुई।

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के साथ एस्क्रो खाते का रखरखाव

IX.14 रिज़र्व बैंक ने प्राधिकृत गैर-बैंक पीपीआई जारीकर्ता और भुगतान एग्रीगेटर (पीए) को एक अलग अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में अतिरिक्त एस्क्रो खाते को बनाए रखने की अनुमति प्रदान की। इस उपाय से जोखिम में विविधता लाने और व्यापार निरंतरता चिंताओं को दूर करने में मदद मिली है।

इंटर- रेगुलेटरी और इंट्रा – रेगुलेटरी समन्वयन

IX.15 रिज़र्व बैंक ने दो अलग-अलग समितियों की स्थापना अर्थात (i) इंटर- रेगुलेटरी समिति जिसमें क्षेत्रीय नियामक अधिकारियों, *अर्थात्,* भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीए), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) और दूरसंचार विभाग (डीओटी); और (ii) इंट्रा – रेगुलेटरी समिति जिसमें रिज़र्व बैंक के विभिन्न विनियामक और पर्यवेक्षी विभाग शामिल हैं। समितियों से अपेक्षा की जाती है कि वे विनियमन के लिए समन्वित दृष्टिकोण सुनिश्चित करें, संघर्ष को दूर करें और सिस्टम ऑपरेटर को राहत दें / ग्राहक की सुविधा का ध्यान रखें।

ग्राहक की सुविधा में सुधार

ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर)

IX.16 रिज़र्व बैंक ने प्राधिकृत पीएसओ को सूचित किया था कि वे दिनांक 1 जनवरी 2021 तक अपनी संबंधित भुगतान प्रणालियों में विफल लेनदेन से संबंधित विवादों और शिकायतों के लिए एक ओडीआर प्रणाली को लागू करें। ओडीआर प्रणाली के सृजन की अवधारणा एक ऐसे तंत्र के रूप में की गई थी जो कि नियम-आधारित प्रौद्योगिकी-संचालित ग्राहक-अनुकूल तंत्र के रूप में शून्य या न्यूनतम मैनुअल हस्तक्षेप के साथ ग्राहक की शिकायतों और विवादों का निपटान करेगा। यह ग्राहकों के लिए एक त्वरित, सस्ती और सुलभ विवाद समाधान प्रणाली प्रदान करेगा। डिजिटल लेनदेन में कई गुना वृद्धि के कारण ग्राहक शिकायतों में वृद्धि की संभावना के साथ, विवाद / शिकायतों को निपटाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता को ओडीआर प्रणाली खत्म कर देगी।

स्व-नियामक संगठन (एसआरओ)

IX.17 रिज़र्व बैंक ने दिनांक 22 अक्टूबर 2020 को पीएसओ के लिए एसआरओ की मान्यता के लिए एक रूपरेखा जारी की। एसआरओ ग्राहक की सुरक्षा और नैतिकता और व्यावसायिक मानक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिसमें बड़ी चिंताओं को संबोधित करने, जैसे कि ग्राहकों की सुरक्षा, प्रशिक्षण और शिक्षण प्रदान करना और सदस्यों, उद्योग और ईकोसिस्टम के समग्र विकास के लिए प्रयास करना शामिल है, उद्योग में सदस्य संस्थाओं के संचालन से संबंधित नियमों और मानकों को लागू करेगा।

पैन- इंडिया चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस)

IX.18 6 फरवरी, 2020 के विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर अपने वक्तव्य में रिजर्व बैंक ने घोषणा की थी कि अखिल भारतीय सीटीएस को परिचालनरत किया जाएगा। तदनुसार, देश भर में सभी 1,219 ईसीसीएस क्लियरिंग हाउसों ने अपने चेक क्लियरिंग ऑपरेशन स्वेच्छा से बैंकर समाशोधन गृहों के लिए एक समान विनियम एवं नियम (यूआरआरबीसीएच) के विनियम 25 के अंतर्गत सीटीएस ग्रिड में स्थानांतरित हो दिए। इसके अलावा, सीटीएस की उपलब्धता का लाभ उठाने और बैंक शाखा के किसी भी स्थान में होने के बावजूद एक समान ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया गया था कि उनकी सभी शाखाएँ 30 सितंबर, 2021 तक छवि आधारित सीटीएस में भाग लें।

रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) सिस्टम की 24x7 उपलब्धता

IX.19 भारतीय रिज़र्व बैंक ने 14 दिसंबर, 2020 को 00:30 बजे से आरटीजीएस प्रणाली को 24x7 और साल के सभी दिनों में उपलब्ध कराया। भारत दुनिया के उन कुछ देशों में से एक बन गया है जहाँ आरटीजीएस प्रणाली पूरे वर्ष में चौबीसों घंटे काम करती है। आरटीजीएस की राउंड द क्लॉक उपलब्धता ने व्यवसायों को भुगतान करने और सहायक भुगतान प्रणालियों में अतिरिक्त निपटान चक्रों को सक्षम करने के लिए विस्तारित लचीलापन प्रदान किया है।

डिजिटल भुगतान लेनदेन - क्यूआर कोड इंफ्रास्ट्रक्चर को सुव्यवस्थित करना

IX.20 रिजर्व बैंक ने अनिवार्य किया कि मौजूदा प्रोप्राइटरी क्यूआर कोड 31 मार्च, 2022 तक इंटरऑपरेबल क्यूआर कोड में माइग्रेट हो जाएंगे और इसके बाद प्रोप्राइटरी क्यूआर कोड जारी नहीं किए जाएंगे। यह अपेक्षा है कि ये उपाय स्वीकृति संबढ़ी बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे और इंटरऑपरेबिलिटी के कारण ग्राहक सुविधा में वृद्धि होगी और यह प्रणाली दक्षता को बढ़ाएगा।

संपर्क रहित मोड में कार्ड लेनदेन - प्रमाणीकरण के अतिरिक्त कारक की आवश्यकता में छूट (एएफए)

IX.21 रिजर्व बैंक ने *प्रमाणीकरण के अतिरिक्त कारक (एएफए)* की आवश्यकता के बिना नियर फील्ड कम्यूनिकेशन समर्थित ईएमवी चिप कार्ड का उपयोग करते हुए संपर्क रहित लेनदेन (जिसे टैप और पे लेनदेन के रूप में भी जाना जाता है) के लिए अनुमोदित प्रति लेनदेन सीमा को ₹ 2,000 से बढ़ाकर ₹ 5,000 कर दिया है। कोविड -19 महामारी ने संपर्क रहित लेनदेन के लाभों को रेखांकित किया और उपभोक्ताओं को उपलब्ध पर्याप्त

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीमा को बढ़ाया गया था। बढ़ी हुई सीमा 1 जनवरी 2021 से प्रभावी हुई।

बार-बार होने वाले लेनदेन के लिए ई-मैनडेट का प्रसंस्करण

IX.22 रिजर्व बैंक ने सूचित किया कि इस तरह के बार-बार किए जाने वाले लेनदेन (घरेलू और सीमा पारीय) के लिए मौजूदा फ्रेमवर्क का अनुपालन न करने वाली व्यवस्थाओं / प्रथाओं के अंतर्गत कार्ड / पीपीआई / यूपीआई का उपयोग करते हुए बार-बार किए गए लेनदेन का प्रसंस्करण 30 सितंबर 2021 के बाद नहीं किया जा सकेगा।

सस्ती लागत सुनिश्चित करना

कानूनी इकाई पहचानकर्ता (लेई)

IX.23 एलईआई नंबर दुनिया भर में वित्तीय लेनदेन में शामिल पार्टियों की विशिष्ट पहचान की सुविधा प्रदान करता है, जिससे वित्तीय डेटा सिस्टम की गुणवत्ता और सटीकता में सुधार आता है और वैश्विक वित्तीय संकट के बाद बेहतर जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित होता है। भारत में एलईआई को ओवर दि काउंटर (ओटीसी) व्युत्पन्न और गैर-व्युत्पन्न बाजारों के प्रतिभागियों के लिए चरणबद्ध तरीके से लाया जा रहा है और बड़े कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं लिए भी लाया जा रहा है। रिजर्व बैंक ने केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली, जैसे, आरटीजीएस और एनईएफटी का उपयोग करके इकाइयों (गैर-व्यक्तियों) द्वारा किए गए मूल्य ₹ 50 करोड़ और ऊपर के सभी भुगतान लेनदेन के लिए एलईआई संख्या को लाने का निर्णय लिया।

पीआईडीएफ का कार्यान्वयन

IX.24 रिजर्व बैंक ने जनवरी 2021 में पीआईडीएफ़ को आरंभ किया ताकि अधिग्राहकों को टियर -3 से टियर-6 केन्द्रों और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए भुगतान स्वीकृति के बुनियादी ढांचे को लगाया जा सके। रिजर्व बैंक ने पीआईडीएफ़ और कार्ड नेटवर्क के प्रारंभिक कोष के लिए ₹ 250 करोड़ का योगदान किया और कार्ड जारी करने वाले बैंकों ने लगभग ₹ 200 करोड़ का योगदान दिया है। इसके अलावा कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारी करने वाले बैंकों द्वारा बकाया कार्ड के आधार पर छमाही आधार पर आवर्ती योगदान दिया जाएगा। इस स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2021-23 के दौरान प्रत्येक वर्ष डिजिटल भुगतान के लिए 30 लाख नए टच पॉइंट सृजित करने की परिकल्पना की गई है। भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग के प्रभारी गवर्नर की अध्यक्षता में पीआईडीएफ़ के प्रबंधन और शासन के लिए एक सलाहकार परिषद गठित की गई है जिसमें कार्ड नेटवर्क के प्रतिनिधि, कार्ड भुगतान उद्योग, आईबीए और नाबार्ड शामिल है।

ग्राहक विश्वास बढ़ाना

डिजिटल भुगतान सूचकांक (डीपीआई)

IX.*25* देश भर में भुगतानों के डिजिटलीकरण की सीमा को प्रभावी ढंग से पकड़ने के लिए रिज़र्व बैंक ने एक समग्र डीपीआई का निर्माण और प्रकाशन किया (बॉक्स*IX.1)*।

सीटीएस के लिए पॉज़िटिव पे प्रणाली

IX.26 चेक भुगतान में ग्राहक सुरक्षा बढ़ाने और चेक से छेड़छाड़ के कारण होने वाली धोखाधड़ी की घटनाओं को कम करने के लिए रिज़र्व बैंक ने मूल्य ₹50,000 और उससे अधिक के सभी चेक के लिए पॉजिटिव पे मैकेनिक की अवधारणा की घोषणा की है। इस तंत्र के तहत, चेक को अदाकर्ता बैंक द्वारा भुगतान के लिए प्रोसेस किया जाता है, जो कि उसके ग्राहकों द्वारा चेक को जारी करने के समय दी गई सूचना के आधार पर किया जाएगा। पॉजिटिव पे प्रणाली 1 जनवरी 2021 से लागू की गई थी।

पीएसओ को जारी किए गए सीओए के लिए स्थायी वैधता

IX.27 रिज़र्व बैंक ने सभी पीएसओ (नए और मौजूदा दोनों) के लिए सामान्य स्थितियों के अधीन स्थायी आधार पर प्राधिकरण देने का फैसला किया। मौजूदा प्राधिकृत पीएसओ के लिए स्थायी वैधता प्रदान किए जाने की जांच तब की जाएगी जब उसके नवीनीकरण समय आएगा बशर्ते वह निर्दिष्ट शर्तों का पालन करे। स्थायी प्राधिकरण की अनुमति देते समय, रिज़र्व बैंक ने ऑनसाइट निरीक्षण और ऑफ़साइट निगरानी और निगरानी तंत्र के माध्यम से विनियमित संस्थाओं के प्रदर्शन की निगरानी के लिए मजबूत प्रणाली पर भरोसा किया है। यह उपाय लाइसेंस अनिश्चितताओं को कम करेगा और पीएसओ को अपने व्यापार

बॉक्स IX.1
भारतीय रिज़र्व बैंक - डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई -डीपीआई)

हाल के दिनों में, भारत में भुगतान ईकोसिस्टम ने कई विकास देखे हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई भुगतान प्रणालियों और प्लेटफार्मों, भुगतान उत्पादों और सेवाओं जो उपभोक्ताओं को डिजिटल भुगतान करने के लिए उपलब्ध हैं, चाहे वे व्यक्ति, फर्म, कॉर्पोरेट, सरकार या अन्य आर्थिक एजेंट हों। निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए और उन बाधाओं और क्षेत्रों को भी समझने के लिए जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है, रिज़र्व बैंक अपने भुगतान प्रणाली विज़न को तीन वर्षों के अंतराल पर निरूपण करता है, भुगतान प्रणालियों के प्रदर्शन से संबंधित आवधिक डेटा / आंकड़े जारी करता है और वैश्विक मानक सेटिंग निकाय जैसे वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) और भुगतान और मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर पर समिति (सीपीएमआई) की चर्चाओं / बैठकों में भाग लेने के साथ -साथ सर्वेक्षण करवाता है।

इस निरंतरता में, देश में भुगतान ईकोसिस्टम के संपूर्ण विस्तार को कवर करते हुए एक समग्र सूचकांक का निर्माण करके समय के साथ डिजिटल भुगतान वृद्धि को मापना और प्रभावित करना अनिवार्य है। तदनुसार, डीपीआई की कल्पना की गई है, जो कि इसके निर्माण के लिए सांख्यिकीय और अनुभवजन्य आंकड़ों के आधार पर वैज्ञानिक उपकरण अपनाकर किया गया। सैद्धांतिक रूप से, सूचकांक स्कोर समय, भौगोलिक स्थान या अन्य विशेषताओं के संबंध में एक वेरिएबल या संबंधित वेरिएबल के समूह में परिवर्तन को मापने की एक तकनीक है। यह पिछली अवधि के आधार पर वेरिएबल या वेरिएबल के समूह में सापेक्ष परिवर्तनों को मापता है जिसे आधार अवधि कहा जाता है।

रिज़र्व बैंक (आरबीआई-डीपीआई) द्वारा निर्मित डीपीआई, अपनी तरह का पहला सूचकांक है और देश भर में डिजिटल भुगतान के प्रसार और गहनता को मापने के लिए एक स्कोर के रूप में परिकल्पित किया गया है। इसे कैप्चर करने के लिए, आरबीआई-डीपीआई के पाँच व्यापक पैरामीटर हैं, जो बदले में सब-पैरामीटर और संकेतक हैं, जिनमें से प्रत्येक के लिए उचित भार के साथ डिजिटल भुगतान ईकोसिस्टम में उनके सापेक्ष महत्व को दर्शाने के लिए नीचे दिखाया गया है (तालिका 1)।

तालिका 1: आरबीआई-डीपीआई के अंतर्गत व्यापक पैरामीटर

मापदंड	वजन (प्रतिशत)	संकेतक
1	2	3
1. पेमेंट एनबलर	25	इन्टरनेट उपयोगकर्ता, मोबाइल उपयोगकर्ता, आधार संख्या, बैंक खाते, डिजिटल भुगतान सुविधा प्रदाता और भुगतान प्रणाली के सदस्य
2. पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर - डिमांड-साइड फ़ैक्टर्स	10	जारी किए गए भुगतान और अन्य लिखत, मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग के लिए ग्राहक पंजीकरण और फास्टैग्स।
3. पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर - सप्लाई-साइड फ़ैक्टर्स	15	फिजिकल और डिजिटल भुगतान स्वीकृति अंक और भुगतान इंटर्मीडियरीज
4. भुगतान प्रदर्शन	45	विभिन्न भुगतान प्रणालियों की मात्रा और मूल्य, ऐसी प्रणालियों में विशिष्ट उपयोगकर्ता, चेक लेनदेन, कार्ड का उपयोग करके नकद निकासी और नकद अनुमान।
5. उपभोक्ता केंद्रितता	5	उपभोक्ता जागरूकता और शिक्षा संबंधी पहल, गिरावट, शिकायत, धोखाधड़ी और सिस्टम डाउनटाइम।

स्रोत : आरबीआई

हाल के दिनों में भुगतान परिदृश्य में महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए (पीरियड पोस्ट डिमोनेटाइजेशन और भुगतान प्रणाली विज़न 2021) मार्च 2018 को आधार अवधि के रूप में लिया गया है (*अर्थात,* मार्च 2018 के लिए आरबीआई-डीपीआई स्कोर को 100 के रूप में सेट किया गया है)। मार्च 2019 और मार्च 2020 के लिए डीपीआई क्रमश: 153.47 और 207.84 थी, जो उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत है। आगे बढ़ते हुए आरबीआई-डीपीआई को मार्च 2021 से 4 महीने के अंतराल के साथ अर्ध वार्षिक आधार पर प्रकाशित किया जाएगा।

पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ विनियामक संसाधनों के उपयोग करने में सक्षम बनाएगा।

भुगतान प्रणाली के संचालन के लिए संस्थाओं का प्राधिकरण – कूलिंग पीरियड का परिचय

IX.28 रिज़र्व बैंक ने कुछ स्थितियों में कूलिंग पीरियड की अवधारणा प्रस्तुत की, जैसे कि नवीकरण या गैर-नवीकरण, स्वैच्छिक सरेंडर और सीओए प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन की अस्वीकृति। यह अवधारणा किसी नई इकाई पर भी लागू होगी, जो कि उपर्युक्त श्रेणियों में से किसी में भी प्रवर्तकों द्वारा स्थापित की गई है। यह उपाय गंभीर प्लेयर्स को अनुशासित करने और आवेदनों को प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करता है और विनियामक संसाधनों का प्रभावी उपयोग भी सुनिश्चित करता है। यह निर्णय लिया गया कि कूलिंग अवधि आवेदन के स्वैच्छिक

सरेंडर/अस्वीकृति, जैसा लागू हो के निरसन/गैर-नवीकरण/ स्वीकृति की तारीख से एक वर्ष के लिए होगी और इस अवधि के दौरान संस्थाओं को भुगतान और निपटान प्रणाली (पीएसएस) अधिनियम के तहत किसी भी भुगतान प्रणाली के परिचालन के लिए आवेदन जमा करने से प्रतिबंधित किया जाएगा।

भुगतान एग्रीगेटर्स (पीए) और भुगतान गेटवे (पीजी) के विनियमन पर दिशानिर्देश

IX.29 पीए और पीजी के विनियमन पर रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए मौजूदा अनुदेशों के संदर्भ में , पीए ग्राहक कार्ड क्रेडेंशियल को अपने डेटाबेस या सर्वर [*अर्थात* कार्ड-ऑन-फाइल (सीओएफ)] में संग्रहीत नहीं कर सकते हैं । इसी तरह, उनके ऑन-बोर्ड व्यापारी अपने ग्राहकों के भुगतान डेटा को स्टोर नहीं कर सकते हैं। एक बार के उपाय के रूप में, रिज़र्व बैंक ने गैर-बैंक पीए द्वारा पूर्वोक्त निर्देशों को लागू करने के लिए समयसीमा को छह महीने के लिए 31 दिसंबर, 2021 तक बढ़ा दिया है।

अन्य गतिविधियां

यूपीआई / रूपे अंतर्राष्ट्रीय आउटरीच पहल

IX.30 रिजर्व बैंक ने अपने भुगतान प्रणालियों के वैश्विक आउटरीच के लिए अपने प्रयासों को जारी रखा, जिसमें धन प्रेषण सेवाएं भी शामिल हैं। अन्य अधिकार क्षेत्रों के साथ मजबूत द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक साझेदारी प्रदान करने के लिए यूपीआई की क्षमता को देखते हुए, रिज़र्व बैंक ने अन्य केंद्रीय बैंकों को एक कुशल और सुरक्षित प्रणाली के रूप में यूपीआई की विशेषताओं॥ पर प्रकाश डालते हुए लिखा, जिसका उपयोग वैश्विक स्तर पर खुदरा भुगतान तंत्र को बदलने के लिए किया जा सकता है और साथ ही इससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा। रिज़र्व बैंक ने बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) द्वारा आयोजित क्षेत्रीय आउटरीच कार्यक्रमों में भी भाग लिया, जहां प्रतिभागियों को सीमा पारीय लेनदेन की सुविधा के लिए यूपीआई प्रणाली का लाभ उठाने की संभावना थी।

भुगतान प्रणालियों का पर्यवेक्षण

IX.31 2020-21 के दौरान, 32 संस्थाओं, *अर्थात्,* सीसीआईएल, 26 पीपीआई जारीकर्ता, एक एटीएम नेटवर्क, एक डबल्यूएलए ऑपरेटर और तीन ट्रेड्स प्लेटफॉर्म ऑपरेटर का ऑनसाइट निरीक्षण / ऑफसाइट आकलन पीएसएस अधिनियम की धारा 16 के तहत रिजर्व बैंक द्वारा किया गया था।

सीसीआईएल का निरीक्षण

IX.32 रिज़र्व बैंक ने पीएसएस अधिनियम की धारा 16 के तहत सीसीआईएल का ऑनसाइट निरीक्षण किया था। भुगतान और मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर पर समिति – प्रतिभूति आयोग का अंतर्राष्ट्रीय संगठन (सीपीएमआई – आईओएससीओ) द्वारा तैयार किए गए 24 प्रिंसिपल्स फॉर फाइनेंसियल मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर (पीएफ़एमआई) के संबंध में सीसीआईएल का मूल्यांकन किया गया था। केंद्रीय प्रतिपक्ष (सीसीपी) के रूप में सीसीआईएल को 17 सिद्धांतों के संबंध में दर्जा 'अवलोकन' दिया गया था और तीन के लिए 'मोटे तौर पर देखा गया' था जबकि चार इसके संबंध में 'लागू नहीं' थे। ट्रेड रिपोजीटरी (टीआर) के रूप में सीसीआईएल को 10 सिद्धांतों के संबंध में दर्जा 'अवलोकन' दिया गया था और एक के लिए 'मोटे तौर पर देखा गया' था जबकि 13 इसके संबंध में 'लागू नहीं' थे।

सीसीआईएल में विकास

IX.33 वर्ष के दौरान, कोविड -19 महामारी के कारण चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, सीसीआईएल ने अपने कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया। मुंबई में 12 अक्टूबर, 2020 को बिजली आउटेज के दौरान भी परिचालन में कोई व्यवधान नहीं था। रुपये के डेरिवेटिव और फॉरेक्स फॉरवर्ड सेगमेंट में विस्तारित क्लियरिंग सदस्यता संरचना को सीसीआईएल ने क्रियान्वयन को अंतिम रूप दिया और पूर्व वित्त पोषित संसाधनों की विशिष्ट सीमा से अधिक स्ट्रेस लॉस होने पर डिफ़ॉल्ट फंड के लिए अतिरिक्त महीने का अतिरिक्त योगदान दिया। सीसीआईएल ने आंतरिक रेटिंग के आधार पर कम सीमा तय करके और कमजोर संस्थाओं के लिए हेयर कट दर को बढ़ाकर जोखिम प्रबंधन में सुधार किया; और बैंक ग्राहकों के लिए फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए बुकिंग और कैंसिलिंग सुविधा शुरू करने के अलावा एफएक्स-रिटेल प्लेटफॉर्म को बढ़ाया, साथ ही नेगोसिएटेड डीलिंग सिस्टम (ऑर्डर मैचिंग) पर 'रिक्वेस्ट फॉर

कोट' (आरएफ़क्यू) मॉड्यूल का परिचालन किया।

ई-बात कार्यक्रम और जागरूकता अभियान

IX.34 रिज़र्व बैंक ग्राहकों / बैंकरों / छात्रों / जनता के सभी वर्गों के लाभ के लिए नियमित रूप से इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग जागरूकता और प्रशिक्षण (ई-बात) कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विभिन्न रूपों में धन की भौतिक उपस्थिति की बजाय इलेक्ट्रॉनिक धन भुगतान पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए जनता को शिक्षित करना था। जुलाई 2020-मार्च 2021 के दौरान, क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा 178 ई-बात कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों पर वित्तीय साक्षरता, उनके लाभ और साइबर सुरक्षा से संबंधित मुद्दों को प्रतिभागियों जिनमें बैंक कर्मचारी, ग्राहक, छात्र, आम आदमी शामिल थे, उन्हें समझाया गया था।

IX.35 रिज़र्व बैंक ने सभी अधिकृत पीएसओ और उनके प्रतिभागियों को सूचित किया कि वे अपने उपयोगकर्ताओं को डिजिटल भुगतान के सुरक्षित और प्रति रक्षित उपयोग के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रिंट और विजुअल मीडिया में एसएमएस और विज्ञापनों के माध्यम से लक्षित बहुभाषी अभियानों का संचालन करें।

IX.36 आरोग्य सेतु कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में भारत के लोगों के साथ आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा विकसित एक मोबाइल एप्लिकेशन है। आम जनता के लिए आरोग्य सेतु ऐप के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, रिज़र्व बैंक ने सभी अधिकृत पीएसओ को अपनी वेबसाइट और ऐप पर एक बैनर प्रदर्शित करने की सलाह दी, ताकि अधिकतम डाउनलोड को प्रोत्साहित किया जा सके।

पेमेंट सिस्टम बुकलेट

